सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 139 | इंदौर, बुधवार 03 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**सीएम डॉ. यादव बोले-**

## स्कूल के खाली भवनों में कॉलेज की कक्षाएं शुरू करने पर किया जाए विचार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को विधानसभा कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूल भवनों में शेष खाली समय का उपयोग कर महाविद्यालय की कक्षाओं की व्यवस्था प्रारंभ करने पर विचार करें। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के प्रभाव की जानकारी भी अधिकारियों से प्राप्त की।**

बैठक में यह भी बताया गया कि नई शिक्षा नीति के तहत मध्यप्रदेश में 12 स्थानीय भाषाओं में शिक्षा व्यवस्था को लागू करने के प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अनुपस्थित शिक्षकों की उपस्थिति की जांच नई तकनीक से करने और लाभार्थी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण और साइकिल वितरण की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष नामांकन में 120 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें निजी विद्यालयों से अधिक संख्या में नामांकन हुए हैं।

बैठक में बालिका शिक्षा और छात्रावास व्यवस्था पर भी चर्चा हुई और बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए गए। ड्रॉपआउट दर में कमी और प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों के अधोसंरचना विकास की जानकारी साझा की गई। नई स्वीकृतियों और सभी स्कूलों में विद्युतीकरण के लक्ष्यों की जानकारी भी बैठक में दी गई। इसके अतिरिक्त, शौचालय प्रबंधन और आवश्यक मरम्मत कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए। पीएमश्री और सांदीपनि विद्यालयों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी भी साझा की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि अब प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय की व्यवस्था रहे। डिजिटल शिक्षा व्यवस्था और अच्छे परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को प्रोत्साहित करने की योजना पर भी चर्चा हुई।

**दिल्ली MCD उपचुनाव चुनाव नतीजे**

# भाजपा ने 7 सीटें जीतकर किला संभाला, आप ने 3 सीटें बरकरार रखीं, कांग्रेस ने खाता खोला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने आज दिल्ली नगर निगम (MCD) के 12 वार्ड में से सात जीते। आम आदमी पार्टी (AAP) ने तीन सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस और लेफ्ट पार्टी एक-एक सीट जीतने में कामयाब रहीं। जिन 12 वार्ड में 30 नवंबर को वोटिंग हुई थी, उनमें से नौ पहले BJP के पास थे और बाकी आम आदमी पार्टी (AAP) के पास। 2022 में 250 वार्ड के लिए हुए MCD चुनाव में 50.47 प्रतिशत के मुकाबले वोट प्रतिशत 38.51 प्रतिशत रहा। राज्य चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि कंझावला, पीतमपुरा, भारत नगर, सिविल लाइंस, राउज एवेन्यू, द्वारका, नजफगढ़, गोल मार्केट, पुष्प विहार और मंडावली में दस काउंटिंग सेंटर बनाए गए थे।

द्वारका B, विनोद नगर, अशोक विहार, ग्रेटर कैलाश, डिचाओं कलां, शालीमार बाग B और चांदनी चौक। हालांकि, भगवा पार्टी अपने संगम विहार A और नारायणा वार्ड हार गई - जो उसने 2022 के MCD चुनावों में जीते थे। नारायणा, मुंडका और दक्षिणपुरी। कांग्रेस ने संगम विहार A वार्ड जीता जबकि AIFB के मोहम्मद इमरान ने चांदनी महल वार्ड जीता। दिल्ली नगर निगम (MCD) उपचुनाव के लिए 12 वार्डों में वोटों की गिनती सुबह 8 बजे शुरू हुई। इस उपचुनाव को सत्ताधारी BJP के साथ-साथ AAP और कांग्रेस के लिए एक अहम परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा था। 26 महिलाओं समेत 51 उम्मीदवार मैदान में थे।



### वे 12 वार्ड कौन से हैं जिनमें वोटिंग हुई

जिन वार्ड में उपचुनाव हुए उनमें ग्रेटर कैलाश, शालीमार बाग B, अशोक विहार, चांदनी चौक, चांदनी महल, डिचाओं कलां, नारायणा, संगम विहार A, दक्षिण पुरी, मुंडका, विनोद नगर और द्वारका B शामिल हैं।

### 2022 MCD चुनाव

2022 के दिल्ली नगर निगम चुनाव में, आम आदमी पार्टी (AAP) ने 42.05% वोटों के साथ 134 सीटें जीतीं। पार्टी को 30,84,957 वोट मिले। भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने 104 सीटें जीतीं, 39.09% वोट शेयर हासिल किया और राजधानी में कुल 28,67,472 वोट मिले।

## एसआईआर सर्वे में जा रहे तीन BLO को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह, एजेंसी।** दमोह जिले में चल रहे एसआईआर सर्वे काम में लगे तीन बीएलओ सड़क हादसे में घायल हो गए। वहीं, एक को सीने में दर्द उठने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। मंगलवार की रात दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर चारों बीएलओ से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे। उनका हाल-चाल जाना और कहा कि स्वास्थ्य का पहले ध्यान रखें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। परिजनों से भी बात की और अस्पताल के कर्मचारियों को भी निर्देशित किया। बड़ी बात यह है कि कुछ दिन पहले दो बीएलओ की मौत भी हो चुकी है और अब तीन बीएलओ सड़क हादसे में घायल हुए हैं। ऐसे में एसआईआर के सर्वे में जुटे हुए कर्मचारियों के बीच डर का माहौल है। विपक्ष भी लगातार बीएओ की हो रही मौतों पर प्रदेश सरकार पर सवाल उठा रहा है। मंगलवार दोपहर ही पटेरा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से बीएलओ घायल हो गए।

# इंदौर बीआरटीएस तोड़ने का काम कछुआ चाल से

- कोर्ट की नाराजगी के बावजूद धीमी गति से जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की बीआरटीएस बनाने में भी दोगुना समय लगा था और अब उसे तोड़ने का काम भी धीमा चल रहा है। नगर निगम ने जिस ठेकेदार को काम दिया है। वह ठीक से काम नहीं कर पा रहा है। सोमवार को भी काम बंद था। उधर नगर निगम अफसरों को कोर्ट की नाराजगी भी इस मामले में सहना पड़ रही है।**

अफसरों ने कोर्ट के सामने पंद्रह दिन में रैलिंग हटाने की बात कही है, लेकिन सचाई यह है कि रैलिंग हटाने के बाद भी वाहन चालकों के लिए बस लेन उपयोग में नहीं आ पाएगी,क्योंकि दूसरी लेन और बस लेन समान नहीं है। इस कारण हादसे होने की संभावना



ज्यादा रहेगी। नगर निगम को सेंट्रल डिवाइडर बनने के बाद लेन एक समान करने के लिए पेचवर्क भी कराना होगा। बीआरटीएस पर नए डिवाइडर बनने में भी चार से छह माह का समय लगेगा। इस कारण चौड़ी सड़क के लिए वाहन चालकों को इंतजार करना होगा।

कई शहरवासियों को अब तक यह पता नहीं चला है कि आखिर बीआरटीएस तोड़ने का फैसला किस आधार पर हुआ। इसे लेकर न तो कभी जनप्रतिनिधियों से बैठक में चर्चा हुई और न ही कभी लोगों के सामने बात आई। 9 माह पहले अचानक एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बीआरटीएस हटाने की बात मीडिया के सामने कही थी और उसके बाद नगर निगम ने कोर्ट में इसे तोड़ने की अनुमति मांगी, जबकि बीआरटीएस पर एलिवेटेड ब्रिज बनाने का भूमिपूजन मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपनी पहली इंदौर यात्रा के दौरान किया था, हालांकि सर्वे में कम ट्रैफिक के कारण उस योजना को टालना पड़ा। अब बीआरटीएस के जंक्शनों पर ब्रिज बनाए जाएंगे।

कलेक्टर श्री वर्मा की संवेदनशील पहल

# दिव्यांग सुनील नई पहचान के साथ लौटा सम्मान की मुख्यधारा में

● जनसुनवाई में पौने तीन सौ आवेदनों का निराकरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में जनसुनवाई संपन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री वर्मा ने आवेदकों की समस्याओं को पूर्ण मानवीय संवेदनाओं के साथ सुनकर उनका गंभीरता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया। इंदौर की जनसुनवाई मानवता का नया मंच बन रही है। मंगलवार को भी एक ऐसा मामला दिखाई दिया, जब एक दिव्यांग के जीवन की झलक बदल गई, वह नई पहचान के साथ सम्मान की मुख्यधारा में वापस आया। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री वर्मा ने किसी को उच्च शिक्षा तो किसी को इलाज के लिए मदद दी।**

कलेक्टर शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में हुई इस जनसुनवाई के दौरान एक दिल छू लेने वाला और मानवीय संवेदना से परिपूर्ण मामला सामने आया। जनसुनवाई में जब दिव्यांग नागरिक सुनील आहूजा अत्यंत अस्त-व्यस्त अवस्था में अपनी समस्या लेकर पहुंचे, तो कलेक्टर श्री वर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल विशेष निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सुनील की हालात देखकर तुरंत निर्देश दिए कि सुनील को स्नान कराकर, दाढ़ी-कटिंग करवाकर, साफ-सुथरे नए वस्त्र उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वह सम्मानपूर्वक व व्यवस्थित रूप से रह सकें। उनके निर्देशों का पालन करते हुए सामाजिक न्याय विभाग ने महाकाल ग्रुप के सहयोग से तत्काल कार्रवाई की। महाकाल ग्रुप के जेयू जोशी एवं उनकी टीम ने आगे बढ़कर सुनील आहूजा को स्नान कराया, उनकी ग्रूमिंग (दाढ़ी, हेयर कटिंग) करवाई तथा नए वस्त्र पहनाए। कुछ ही समय में जो दिव्यांग अस्त-व्यस्त रूप में पहुंचा था, वह स्वच्छ, सुसज्जित और आत्मविश्वास से भरे स्वरूप में सभी के सामने उपस्थित हुआ। कलेक्टर श्री वर्मा ने इस दिव्यांग को मोट्रेट ट्रायसिकल और पेंशन भी स्वीकृत की।

यह पहल न केवल प्रशासन की संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि समाज में मानवता और गरिमा की पुनर्स्थापना की प्रेरक मिसाल भी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सामाजिक न्याय विभाग व महाकाल ग्रुप के इस सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की गरिमा और सम्मान की रक्षा करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## होनहार बालिका को दी उच्च शिक्षा के लिए सहायता

कलेक्टर शिवम वर्मा के समक्ष जनसुनवाई में एक होनहार बालिका रक्षा रँगानी पहुँची। उसने बताया कि मैं आईआईटी से एआई का कोर्स करना चाहती हूँ। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। मुझे उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता की जरूरत है। कलेक्टर श्री वर्मा ने तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की। रक्षा रँगानी ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कलेक्टर शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। रक्षा ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर जब वह सक्षम हो जाएगी और उसे आय प्राप्त होने लगेगी, तब वह भी अन्य ज़रूरतमंद बालिकाओं की सहायता करेगी।

### जनसुनवाई में प्राप्त हुए 275 आवेदन

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि मंगलवार की जनसुनवाई में लगभग 275 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदकों की समस्याएँ गंभीरता से सुनी गई। जिन प्रकरणों का निराकरण त्वरित संभव था उनका तुरंत समाधान किया गया। अन्य मामलों में निर्धारित समयसीमा में जांच कर कार्रवाई की जा रही है। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार तथा रोशन राय सहित अन्य अधिकारियों ने भी समस्याओं को सुनवाई उनका निराकरण किया।

# सड़क पर जा रहे प्रॉपर्टी कारोबारी को हार्ट अटैक

● स्कूटी का टायर पंक्चर होने पर उसे धक्का देकर ले जा रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सड़क पर जा रहे प्रॉपर्टी कारोबारी को हार्ट अटैक आ गया। पल भर में उसकी मौत हो गई। वह स्कूटी का टायर पंक्चर होने पर उसे धक्का देकर ले जा रहा था। इसी दौरान वह अचानक गिरा और फिर नहीं उठा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है।**

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह 11 बजे जनता क्वार्टर क्षेत्र निवासी विनीत कुचेकर (27) अपनी स्कूटी का पंक्चर ठीक कराने जा रहा था। रास्ते में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसने गाड़ी का स्टैंड लगाने की कोशिश की और वहीं गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभाला। सीपीआर दी गई, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद परिवार को सूचना दी गई। उसे फौरन नजदीक के ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया। मौत का कारण हार्ट अटैक सामने आया है। मृतक के छोटे भाई मयंक ने बताया कि विनीत पूरी तरह स्वस्थ था। हृदय रोग या डायबिटीज जैसी कोई भी बीमारी नहीं थी। विनीत ने बीटेक किया था और पुणे में एक बड़ी कंपनी में नौकरी कर रहा था। बाद में उन्हें चेन्नई से भी जॉब का ऑफर आया, लेकिन पिता के प्रॉपर्टी व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए उसे पिछले साल नौकरी छोड़ दी और पिता के साथ व्यवसाय करने लगा। वह ऑर्बिट मॉल स्थित दफ्तर में अपने पिता के साथ काम संभालता था। परिवार में पिता संजय, मां माधवी और छोटा भाई मयंक हैं।

# कलेक्टर श्री वर्मा से मिले नए प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा से मंगलवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के तहत चयनित 24 नए प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात की। इंदौर में प्रशिक्षण हेतु आए 24 डिप्टी कलेक्टर जनसुनवाई में भी उपस्थित रहे।

उन्हें शहर की समस्याओं, जन अपेक्षाओं और प्रशासनिक समाधान प्रक्रिया से रूबरू कराया गया, ताकि वे अपने-अपने जिलों में बेहतर जनसुनवाई प्रणाली लागू कर सकें। कलेक्टर श्री वर्मा ने उन्हें प्रशासनिक व्यवस्थाओं और अपने अनुभवों के बारे में बताया। श्री वर्मा ने कहा कि वे अपने-अपने जिलों में जनकल्याण के कार्यों और सुशासन पर विशेष ध्यान दें। मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

# मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु का इंदौर दौरा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मंगलवार को मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में छात्रों एवं शिक्षकों के बीच में रहे एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत पाल सिंह चौहान ने कुलगुरु का स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षण व्यवस्था, चिकित्सकीय प्रशिक्षण एवं परीक्षा संबंधी कार्यों को और बेहतर तरीके से करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। कुलगुरु ने बताया कि शिक्षण व्यवस्था का उद्देश्य बेहतर चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखने के लिए समाज को बेहतर चिकित्सक देना है, सभी प्रकार की बेहतर चिकित्सा शिक्षण व्यवस्था विद्यार्थियों को उपलब्ध हो, यही विश्वविद्यालय का उद्देश्य है।

# शादी समारोह में युवक की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना सोमवार रात की है। मृतक अंकित तिवारी (38) निवासी स्कीम नंबर 78 निजी कंपनी में कार्यरत था। वह अपने दोस्त की शादी में आनंद मिलन गार्डन गया था, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार रात करीब ढाई बजे अंकित कार में मृत अवस्था में मिला। कार का दरवाजा खुला हुआ था। दोस्तों ने उसे कार में देखा तो तुरंत सीपीआर देने की कोशिश की, लेकिन जब कोई हलचल नहीं हुई तो उन्होंने पुलिस एफआरवी को सूचना दी। बाद में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंदौर में लगातार दूसरे दिन ऐसी घटना हुई है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें देर रात पुलिस और एमवाय अस्पताल से कॉल आया, जिसके बाद वे सीधे अस्पताल पहुंचे। अंकित अपने परिवार पत्नी, दो बच्चों और मां के साथ रहता था। टीआई सुशील पटेल के अनुसार प्राथमिक तौर पर यह हार्टअटैक का मामला प्रतीत होता है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजन अंकित को अस्पताल ले जा चुके थे। जहां पर अंकित मिला, उस पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। अंकित ने सोमवार को ही एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर अपना चेकअप कराया था। उसे पहले से ही घबराहट हो रही थी वही सीने में दर्द था। जिसके बाद डॉक्टर ने उसे चेकअप कराने की सलाह दी थी।

# पत्नी, सास और नानी सास के खिलाफ केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में रहने वाले संजय अवासे ने शनिवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में संजय के पिता और भाई निलेश ने संजय की पत्नी मुस्कान उसकी मां और नानी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुस्कान अपने पति संजय को भी प्रताड़ित कर रही थी। इससे संजय काफी परेशान हो गया था। दरअसल, संजय ने 6 साल पहले मुस्कान से प्रेम विवाह किया था। सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन एक दिन अचानक दीपावली के बाद मुस्कान घर छोड़कर चली गई। बाद में उसने पुलिस थाने में शिकायत कर दी। पुलिस थाने बुलाकर भी मुस्कान अपने पति संजय को भी प्रताड़ित करती। भाई निलेश का कहना है कि इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप चेटिंग पर भी पत्नी मुस्कान तलाक नहीं देने को लेकर बात कर रही थी। वहीं अन्य किसी से खुद के प्रेम संबंध होने की बात कर संजय को धमका रही थी। इन सब बातों से संजय परेशान होकर जहर खा लिया। पुलिस ने पिता और भाई के बयान के बाद मामले में 3 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

# आईडीए की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 80 करोड़ रूपए की निविदाएं स्वीकृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आईडीए सभागृह में सम्पन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जायें। विकास कार्यों को शुरू करने से पहले विशेष कार्ययोजना सुनिश्चित करें। इंदौर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, लोक निर्माण विभाग आदि विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। इंदौर विकास प्राधिकरण की भूमि पर होने वाले अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित किया जाये। बैठक में संचालक मण्डल द्वारा शहर हित में विभिन्न निर्णय लिये गये।




बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं को पूर्ण करने के लिये 80 करोड़ रूपये की निविदाएं स्वीकृत की गई। इसमें टीपीएस-4 के विकास कार्य की निविदा हेतु 33.22 करोड़ रूपये, टीपीएस-10 ग्राम पालाखेड़ी, बांगड़दा इंदौर भाग-बी के विकास कार्य हेतु 31 करोड़ रूपये, टीपीएस-1 के चौथे चरण के विकास कार्य हेतु 6.69 करोड़, योजना क्रमांक 151 एवं 169 बी सेक्टर-ए सुपर कॉरिडोर में 34 लाख लीटर क्षमता की 15 मीटर स्टेजिंग की ओवरहेड पानी की टंकी का डिजाइन एवं उसके निर्माण हेतु निविदा राशि 4.57 करोड़ रूपये तथा योजना क्रमांक 97 भाग-2 इंदौर के विभिन्न भागों के 5 वर्षीय रखरखाव कार्य सहित बाह्य विद्युतीकरण के कार्य की निविदा हेतु 3.88 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, नगर एवं ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक शुभाशीष बेनर्जी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण यंत्री सुनील कुमार उदिया, मध्यप्रदेश पश्चिमी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता कामेश श्रीवास्तव, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सी एस खरत, सहायक वनसंरक्षक प्रतिनिधि धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि लवकुश चौराहे पर लेवल-2 फ्लायओवर की ग्रेड रोड, सर्विस रोड पर डामर रोड के स्थान पर कांक्रिट रोड (पीक्यूसी) बनाया जायेगा। इस रोड के बनने से यातायात सुगम होगा। विजय नगर क्षेत्र में मल्टी मॉडल सेंटर बनाया जायेगा। जिससे मेट्रो में यात्रा करने वाले नागरिकों को भी बेहतर सुविधा मिल सकेगी। साथ ही आईडीए के विभिन्न बैंकों में संचालित बचत खातों को चालू खातों में परिवर्तित किया जायेगा। जिससे प्राधिकरण को जमा राशि से ब्याज का लाभ प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि योजना क्रमांक 166 के विकास कार्य और टीप-1 के विकास कार्य हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सलटेंसी के चयन हेतु निविदा स्वीकृत की गई है। प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में भूजल पुर्नभरण एवं जल के पुर्नउपयोग के लिये विशेष प्रयास किये जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा व्ययन की जाने वाली संपत्ति के निक्षेप रकम 10 प्रतिशत के स्थान पर कम की जायेगी, जिससे निविदा में अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त हो सके। साथ ही लीज रेंट जमा करने की (एक मुश्त लीज) 20 गुना लीजरेन्ट की योजना को समाप्त किया जाकर व्ययन नियम 2018 अनुसार पट्टा भाटक मूल पट्टा भाटक का चार गुना अथवा प्रचलित बाजार मूल्य का 0.5 प्रतिशत, जो भी कम हो, निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रकोष्ठ अधिनियम के तहत आवंटित प्रकोष्ठों को भूस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु प्रकोष्ठ अधिनियम 2005 के अंतर्गत समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाकर प्रकोष्ठों को अंतरण/लीज नवीनीकरण की कार्रवाई हो चुकी है, ऐसे प्रकरणों में भूस्वामी अधिकार पर संपरिवर्तन में किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अधिकारियों ने भी अपने सुझाव एवं विचार रखे।

## 23 सामुदायिक भवन एवं शेड निर्माण कार्यों की मिली स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के अथक प्रयासों से सांवेर विधानसभा को एक और बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 23 सामुदायिक भवन एवं शेड निर्माण कार्यों की प्रदान की गई है। सांवेर क्षेत्र के ग्राम झलारिया, अजनोद, ब्राह्मणखेड़ी, कायस्थ खेड़ी, खजूरिया, खण्डेल, खाती पिपलिया, चित्तौड़ा, जम्बूडी सरवर, टाकुन, तराना, बरलाई जागीर, बालोदा टाकुन, बावलियाखेड़ी, बीज्जूखेड़ी, रिंगनोदिया, सेमल्या रायमल, सोलसिंदा और हिण्डोलिया में शेड निर्माण के लिये प्रत्येक ग्राम के लिये 10-10 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा ग्राम नाहरखेड़ा, पिवड़ाय और पंचोला में सामुदायिक भवन निर्माण एवं शेड निर्माण के लिये 15-15 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन कार्यों की निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर विधानसभा को यह महत्वपूर्ण स्वीकृति देने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## संपादकीय

# भारत आ रहे पुतिन की सीक्रेट लाइफ

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आ रहे हैं। पुतिन के बारे में पूरी दुनिया में कयास लगाए जाते रहते हैं। बहुत कम लोगों को पुतिन की लग्जरी लाइफ के बारे में पता है। उनका टफ स्वभाव लोगों को बेहद भाता है। पुतिन के राज में रूस ने भारत को मारक हथियार और तकनीक मुहैया कराई है। पुतिन कभी रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी के एजेंट भी रहे हैं। वेडनेसडे बिग टिकट में पुतिन की आलीशान जीवनशैली के बारे में जानते हैं। द वीक पर छपे एक लेख के मुताबिक, 73 साल के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की संपत्ति 200 अरब डॉलर के पार हो सकती है। 2015 में फोर्ब्स ने खुलासा किया कि वह (फोर्ब्स अरबपतियों) की सूची में नहीं थे क्योंकि वे 1 बिलियन डॉलर या उससे अधिक मूल्य की संपत्ति के उनके स्वामित्व की पुष्टि नहीं कर पाए थे। 2017 में, फाइनेंसर बिल ब्राउनर ने अमेरिकी सीनेट की न्यायिक समिति के समक्ष घोषणा की कि पुतिन 'दुनिया के सबसे अमीर आदमी' हैं। उनकी अनुमानित कुल संपत्ति 200 अरब डॉलर है। आधिकारिक तौर पर प्रति वर्ष 140,000 डॉलर का मामूली वेतन पाने के बावजूद पुतिन की घोषित कुल संपत्ति और संपत्ति एक अलग ही तस्वीर पेश करती है। हालांकि, वह 800 वर्ग फुट के एक अपार्टमेंट, एक ट्रेलर और तीन कारों के मालिक होने का दावा करते हैं, फिर भी उनके पास विलासिता की विशाल संपत्ति होने की अफवाहें बनी रहती हैं। इनमें काला सागर के किनारे 190,000 वर्ग फुट का एक आलीशान किले जैसा घर, 19 अन्य घर शामिल हैं। इस घर की कीमत 1.4 बिलियन डॉलर बताई जाती है। काला सागर स्थित इस हवेली को 'पुतिन का देहाती कॉटेज' कहा जाता है। इसकी छतों पर शानदार पेंटिंग्स की सजावट और दीवारों पर ग्रीक देवताओं की मूर्तियां सजी हैं। इस किले में एक स्विमिंग पूल है, जिसमें पुतिन आराम फरमाते हैं। इसमें 850 डॉलर के इतालवी टॉयलेट ब्रश और 1,250 डॉलर के टॉयलेट पेपर होल्डर से सुसज्जित सुसज्जित बाथरूम पुतिन के आस-पास के वातावरण की भव्यता का प्रमाण हैं। इसमें 40 कर्मचारी दिन-रात काम करते हैं। अकेले इस संपत्ति के रखरखाव पर ही सालाना 20 लाख डॉलर खर्च किए जाते हैं। डेली मेल की एक खबर के मुताबिक, ऐसा ही एक महल गेलेंदजिक में काला सागर के किनारे चट्टानों के ऊपर केप इडोकोपास नामक स्थान पर 168 एकड़ जमीन पर स्थित है। 2021 की एक जांच के अनुसार, इस विशाल, आलीशान 'महल' में एक पोल-डांसिंग हुक्का बॉउडर, कैसीनो और 'एक्वा डिस्को' शामिल हैं। कहा जाता है कि इसमें एक 16 मंजिला भूमिगत परिसर भी है।

## ज्ञान-विज्ञान

# सदी के सबसे बड़े पूर्ण सूर्यग्रहण पर पूरी दुनिया में छा जाएगा अंधेरा?

## साल 2027 में होने वाली है दुर्लभ खगोलीय घटना, जानें



खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्यग्रहण हमेशा में दिलचस्पी का केंद्र रहे हैं। ऐसे में बात अगर सदी से सबसे बड़े सूर्यग्रहण की तो उत्सुकता स्वाभाविक है। 2 अगस्त 2027 को धरती पर सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण होने जा रहा है। इस दौरान 6 मिनट 23 सेकंड तक ग्रहण के चलते आसमान में अंधेरा रहेगा। लेकिन इसके साथ ही एक सवाल तेजी से चर्चा में है कि क्या पूर्ण सूर्यग्रहण को पूरी धरती पर अंधेरा हो जाएगा। यह जानने के लिए हमें ग्रहण को समझना होगा कि वे कैसे काम करते है और उनकी अंधेरा करने की क्षमता क्षेत्र विशेष को कैसे प्रभावित करती है।

सूर्यग्रहण एक खगोलीय घटना है, जो सूर्य चंद्रमा और पृथ्वी के क्रमशः एक सीध में आने के चलते होती है। पूर्ण सूर्यग्रहण तब होता है जब चांद सीधी रेखा में सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है। इस संयोजन के चलते सूर्य का कोरोना चांद के पीछे छिप जाता है और पृथ्वी पर चंद्रमा की परछाई पड़ती है। इससे आसमान में शाम के समय जैसा दृश्य हो जाता है। इस परछाई को अंब्रा कहते हैं। अंब्रा काफी पतली होती है।

### ● क्या पूरी दूनिया में होगा अंधेरा ?


अंब्रा कुछ दर्जन से लेकर कुछ सौ किलोमीटर चौड़ी पट्टी हो सकती है जो एक घुमावदार लाइन बनाती है। इसे पाथ ऑफ टोटैलिटी यानी ग्रहण का मार्ग कहा जाता है। इसका मतलब है कि उस पतले मार्ग पर आने वाले लोगों को ही ग्रहण का अंधेरा महसूस होता है। यही वजह है कि कोई भी सूर्य ग्रहण पूरी दुनिया में एक साथ ग्रहण नहीं कर सकता। इसमें 2027 का पूर्ण सूर्यग्रहण भी शामिल है।

### ● सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण

पृथ्वी के बाकी हिस्सों पर या थोड़ी छाया पड़ती है या बिल्कुल नहीं पड़ता। इस निर्भर करता है कि वे कितनी दूर हैं। पृथ्वी बड़ी है और लगातार घूमती रहती है। इसलिए चांद की छाया एक हिस्से पर ज्यादा देर नहीं पड़ती है। 2027 का पूर्ण सूर्यग्रहण अपनी लंबाई के चलते बेहद खास हो जाता है। यह इसलिए होगा क्योंकि उस दौरान सूर्य पृथ्वी से अपनी अधिकतम दूरी पर होगा जबकि चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीबी बिंदु पर होगा। इसके चलते यह बड़ा दिखेगा और अधिक समय तक छाया को रोकेगा। इस अवधि का पूर्ण सर्यग्रहण 2114 तक नहीं देखा जा सकेगा। यही वजह है कि इसे सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण कहा जा रहा है।

### ● पूर्ण सूर्यग्रहण भारत में दिखाई देगा ?

BBC की रिपोर्ट के अनुसार, 2 अगस्त 2027 को होने वाला पूर्ण सूर्यग्रहण पूर्वी अटलांटिक से शुरू होगा। यह उत्तरी अफ्रीका से होते हुए, मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्त्र और मिडिल ईस्ट और भूमध्य सागर के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ेगा। मिस्त्र के लक्सर और असवान में सबसे लंबे समय तक ग्रहण रहने की उम्मीद है। पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान आसमान में अंधेरा छा जाएगा। तापमान कम हो सकता है और सूर्य का कोरोना डिस्क के चारों ओर हल्ला चमकेगा। ज्यादातर यूरोप, पश्चिमी एशिया के कुछ हिस्से और पूर्वी अफ्रीका के हिस्से आंशिक दृश्यता वाले क्षेत्र में आएंगे। भारत समेत दुनिया के बाकी हिस्सों में इस ग्रहण का कोई असर नहीं दिखाई देगा।



प्रदेश में बढ़ रहे बाल विवाह के मामले

# पांच साल में 2550 नाबालिग बने दूल्हा-दुल्हन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में बाल विवाह के मामलों में लगातार बढ़ोतरी गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। विधानसभा में पेश किए गए सरकारी आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच हर साल बाल विवाह के मामलों में वृद्धि दर्ज हुई है। पांच साल में 25,50 नाबालिग दूल्हा-दुल्हन बने हैं। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह के प्रश्न के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने यह जानकारी सदन में दी।**

जयवर्धन सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से सभी सरकारों ने बाल विवाह रोकने का प्रयास किया, लेकिन मध्य प्रदेश में हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं। उनके अनुसार, पिछले पांच वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि सरकार न केवल इस मुद्दे को लेकर उदासीन है, बल्कि बाल विवाह रोकथाम को लेकर कोई ठोस योजना या दृष्टि भी नहीं रखती। उन्होंने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग हर साल करोड़ों रुपये खर्च करता है, फिर भी 2020 से 2025 तक औसतन 400 से अधिक मामले प्रतिवर्ष दर्ज हुए हैं।

विधायक ने मंत्री से जिलेवार और वर्षवार आंकड़े, साथ ही यह जानकारी भी मांगी कि कितनी नाबालिग लड़कियों ने विवाह के बाद बच्चों को जन्म दिया और उनमें से कितने बच्चों की मृत्यु हुई। मंत्री निर्मला भूरिया द्वारा सदन में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, 2020 से हर साल बाल विवाह के मामले बढ़ते चले गए। इधर बाल विवाह के मुद्दे पर राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ सीट से भाजपा विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पहले बाल विवाह सामान्य रूप से हो जाते थे, लेकिन अब प्रशासनिक सक्रियता और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से कई मामलों को रोका जा रहा है।

● पुलिस महानिदेशक श्री मकवाणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से

# प्रदेश में कानून व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश भर के एडीजी/आईजी, भोपाल एवं इंदौर के पुलिस कमिश्नर, रेंज डीआईजी एवं समस्त पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त के साथ प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस अमला प्रोफेशनल तरीका (व्यवसायिक दृष्टिकोण) अपनाकर अपने काम-काज को अंजाम दे। इससे बेहतर ढंग से कानून का पालन होगा। साथ ही पुलिस के प्रति समाज में सम्मान एवं विश्वास भी बढ़ेगा।



पुलिस महानिदेशक श्रीमकवाणा ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीनस्थों का प्रभावी मार्गदर्शन करें, उन पर नियंत्रण बनाए रखें और स्वयं भी आदर्श आचरण प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण मामलों पर जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को तथ्यात्मक और स्पष्ट जानकारी दी जाए। गलत सूचनाओं का खंडन किया जावे। साथ ही अच्छे कार्यों को रेखांकित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाए, ताकि सकारात्मक कार्य को निरंतर बढ़ावा मिले।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। शहरों, कस्बों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर पुलिस की उपस्थिति स्पष्ट और भरोसेमंद दिखनी चाहिए। पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक स्वयं फील्ड पर निकलकर आकस्मिक निरीक्षण करें, ताकि कानून-व्यवस्था पर बेहतर नियंत्रण स्थापित रहे। माइक्रो बीट व्यवस्था पर विशेष ध्यान, नाकाबंदी और रात्रिकालीन चेकिंग को और प्रभावी बनाने तथा लिस्टेड गुंडों और हिस्ट्रीशीटरों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी उन्होंनेदिए। पुलिस महानिदेशक श्री मकवाणा ने कहा कि ट्रैफिक रेगुलेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। महत्वपूर्ण प्रकरणों की केस डायरी, आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी, थाना अमले से संवाद, नियमित परेड और फोर्स के उचित उपयोग जैसे सभी दायित्वों को गंभीरता से निभाया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही और उदासीनता पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। अपराधियों की जमानत रद्द कराने, जिला बदर करने और लंबित वारंटों की तामिली तेजी से कराने के निर्देश भी दिए।

# भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर सरकारी छुट्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।**भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर राज्य सरकार ने छुट्टी की घोषणा की। 3 दिसंबर को सभी स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। वहीं, मंगलवार की शाम को मोमबत्ती रैली और मशाल जुलूस निकालकर त्रासदी में जिन लोगों की मौत हुई उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे बरकतुल्लाह भवन में सभी धर्म के तहत प्रार्थना होगी। इस आयोजन में गैस राहत मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह मौजूद रहेंगे। सभा में भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। अलग-अलग धर्मगुरु धर्मग्रंथों का पाठ करेंगे। यूनियन कार्बाइड के जहर से पीड़ितों की सेवा में काम करने वाली संस्था संभावना ट्रस्ट क्लिनिक की ओर से ये रैली निकाली गई। रैली छोला गणेश मंदिर से शुरू होकर गैस माता मूर्ति के पास पहुंची। जहां गैसकांड के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

# भिड़ंत, नागपुर के दंपति की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** मंगलवार को मैहर जिले के अमदरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 पर एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में नागपुर से लौट रहे पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य घायल है। सभी घायलों को कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के नागपुर निवासी रामदास डोंगरे (60) और उनकी पत्नी सत्यभामा डोंगरे (50) मंगलवार को अपने परिवार के साथ मां शारदा के दर्शन कर मैहर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाम को अमदरा गांव के पास उनकी टाटा पंच कार को एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी।

# छत्तीसगढ़ की महिला को सागर बुलाकर किया दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी। सागर के सिविल लाइन क्षेत्र की एक होटल में छत्तीसगढ़ की महिला के साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता को सागर बुलाया था। दोनों की पहचान मेट्रीमोनियल साइट पर हुई थी। मामले में पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।**

पुलिस के अनुसार, छत्तीसगढ़ के कोरबा निवासी 38 वर्षीय महिला ने थाने में शिकायत की। शिकायत में बताया कि वह तलाकशुदा है। वर्ष 2022 में पति से तलाक हुआ था। उसके दो बच्चे हैं। वह सिलाई का काम करके परिवार चलाती है। करीब एक माह पहले मेट्रीमोनियल साइट पर उसकी मुलाकात शंभू सुमन पिता सरजुन प्रसाद से हुई। आरोपी ने खुद को आर्मीमैन होना बताया। उसने कहा कि उसकी पत्नी की मौत करीब 10 साल पहले हो चुकी है। वह दोबारा शादी करना चाहता है। बात करने के दौरान आरोपी ने महिला से शादी करने का बोला। उसे सागर आने के लिए कहा। सागर में आर्य समाज मंदिर से दोनों पक्षों की मौजूदगी में शादी करने की बात कही। भरोसा कर महिला अपने परिवार के सदस्यों के साथ 15 नवंबर को सागर पहुंची। मकरोनिया चौराहे पर आरोपी उन्हें मिला। जहां से वह सिविल लाइन में स्थित एक होटल में लेकर आया। दो कमरे बुक कराकर उन्हें रुकवाया। इसी दौरान सिविल लाइन क्षेत्र के एक मंदिर में ले जाकर उसने मंगलसूत्र पहनाया। जिसके बाद वे होटल लौट आए। जहां देर रात आरोपी ने शादी का हवाला देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।

AC कोच के यात्री ने बनाया वीडियो, वायरल होने के बाद आरक्षक निलंबित

# रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग युवक को जीआरपी आरक्षक ने पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन के पास नागदा रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग युवक को पीटने का वीडियो वायरल हुआ। दिव्यांग युवक को पीटने वाला कोई आम आदमी नहीं जीआरपी नागदा के आरक्षक था। घटना का वीडियो एसी कोच में बैठे एक यात्री ने बनाकर वायरल कर दिया। जिसके बाद जीआरपी एसपी ने आरक्षक को निलंबित कर दिया।

घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे के आसपास की बताई जा रही है। नागदा के प्लेटफार्म नंबर एक पर एक दिव्यांग अपने बेग के साथ सोया हुआ था। इस दौरान जीआरपी के प्रधान आरक्षक मानसिंह ने दिव्यांग को प्लेटफार्म पर जमकर पीटा। घटना का वीडियो एसी कोच के यात्री ने बनाकर वायरल कर दिया। जीआरपी के आरक्षक के अनुसार दिव्यांग शराब पीकर अपशब्द बोल रहा था। वायरल वीडियो में आरक्षक मानसिंह दिव्यांग युवक के साथ पहले थप्पड़ मारते हुए और फिर उसके लात मारते हुए दिखाई दे रहा है। इस दौरान दिव्यांग रोता हुआ स्टेशन से जाता हुआ भी दिख रहा है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जीआरपी एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरक्षक मानसिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जीआरपी एसपी ने निलंबन पत्र जारी किया वो भी वायरल हुआ जिसमें लिखा है कि ड्यूटी के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ मारपीट की जाने का वीडियो वायरल हुआ है। कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के उक्त कृत्य के कारण रेल पुलिस की छवि जनमानस एवं यात्रियों में विपरीत प्रचारित हुई है।

# स्कूल की रेलिंग पर लटका मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के रावटी में मंगलवार सुबह एक युवक का शव बंद पड़े सीएम राइज स्कूल की बाउंड्रीवॉल की रेलिंग से लटका मिला। मृतक की पहचान 28 वर्षीय भानुप्रताप सिंह राठौर के रूप में हुई है। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रावटी के मंडी रोड पर स्थित बंद पड़े सीएम राइज स्कूल की रेलिंग पर सुबह 6.30 बजे राहगीरों ने शव लटका देखा। उन्होंने तुरंत उसे गांव के युवक के रूप में पहचाना और परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और फिर पुलिस को बुलाया।

New Delhi

● प्रशांत भूषण ने EC को 'तानाशाह' कहा तो

# भड़का सुप्रीम कोर्ट, बोला- कानूनी दायरे में रहकर दें दलीलें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** SIR को लेकर एक तरफ विपक्ष देशभर में जमकर विरोध कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में भी इसे लेकर गहमागहमी देखने को मिली है। मंगलवार को इस मामले में सुनवाई के दौरान प्रशांत भूषण से सुप्रीम कोर्ट ने भड़कते हुए कहा कि वह अपनी दलीलें कानूनी दायरे में रहकर दें। दरअसल, प्रशांत भूषण ने दलील देते समय चुनाव आयोग को 'तानाशाह' कह दिया था। इसके बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कानूनी दायरे में रहने की हिदायत दी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह राजनीतिक पार्टियों की तरह तीखी बातों का जिक्र न करें। प्रशांत भूषण ने सुनवाई के दौरान कई बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट को नए सिरे से तैयार



करने का यह एक ऐसा काम है, जो पहले कभी नहीं हुआ। यह रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट के तहत गलत है। काम को कम समय में पूरा करने की जल्दबाजी ने BLOs को बहुत ज्यादा मानसिक और शारीरिक तनाव में डाल दिया है, जिसके कारण उनमें से 30 ने आत्महत्या कर ली है।

### बड़ी-बड़ी बातों का कोई मतलब नहीं: SC

प्रशांत भूषण ने कहा कि बहुत से लोग EC को तानाशाह मानते हैं क्योंकि उसे नियमों और कानूनों की कोई परवाह नहीं है और वह अपनी मर्जी से वही करता है जो उसे सही लगता है। इस टिप्पणी के बाद CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने तुरंत भूषण को चेतावनी दी कि वह अपनी कानूनी दलीलों से न भटकें। बेंच ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों (SIR का विरोध करने वाली) की तीखी टिप्पणियों पर भरोसा करके EC के खिलाफ बड़ी-बड़ी बातें करने का कोई मतलब नहीं है। SIR की वैलिडिटी को चुनौती देने के लिए अपनी दलीलें (अपनी याचिका में उठाए गए) कानूनी मुद्दों तक ही सीमित रखें।'

Telangana

## एक भगवान पियक्कड़ों के, हिंदू देवताओं पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बिगड़े बोल




**हैदराबाद, (एजेंसी)** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी अपने बयान को लेकर विवाद में फंसते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि रेवंत रेड्डी ने हिंदू धर्म में कई भगवान होने का मजाक उड़ाया है। इसको लेकर भाजपा और बीआरएस ने उनसे तुरंत माफी मांगने को कहा है। जानकारी के मुताबिक तेलंगाना के सीएम एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने हिंदू धर्म में कई भगवान होने की बात का मजाक उड़ाया और यहां तक बोल गए कि हनुमान अविवाहित लोगों के भगवान हैं।

रेड्डी ने कहाकि हिंदू कितने सारे भगवान में विश्वास करते हैं? करीब तीन करोड़? आखिर इतने सारे भगवान क्यों? उन्होंने आगे कहाकि इनके यहां तो अविवाहित लोगों का भी एक भगवान है। जिन लोगों ने दो बार विवाह किया है, उनके लिए एक और भगवान है। वहीं, जो शराब पीते हैं उनके लिए एक अलग भगवान है। रेवंत रेड्डी यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहाकि मुर्गियों की बलि चढ़ाने के लिए दूसरा भगवान और दाल-चावल के लिए दूसरा भगवान। हर ग्रुप का अपना एक अलग भगवान है। रेवंत रेड्डी के बयान पर जबर्दस्त सियासी उबाल है। भाजपा और बीआरएस ने मुख्यमंत्री पर हिंदू आस्था और धार्मिक भावनाओं को भड़काने का भी आरोप लगाया है।

भाजपा नेता प्रवीण ने कहाकि रेड्डी के बयान से प्रदेश के सभी हिंदू खुद को शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहाकि कांग्रेस और रेवंत रेड्डी में बिल्कुल भी शर्म नहीं बची है।

Jharkhand

## रांची हुआ शर्मसार! 5 साल की बच्ची से युवक ने किया रेप; भेजा गया जेल

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड के रांची में शर्मनाक घटना सामने आई है। मुरी ओपी थाना क्षेत्र में एक सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी 25 वर्षीय भरत चंद्र महतो को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।झारखंड के रांची में शर्मनाक घटना सामने आई है। मुरी ओपी थाना क्षेत्र में एक सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी 25 वर्षीय भरत चंद्र महतो को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा है। मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर की है।

बच्ची के माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करने रांची गए थे और बच्ची घर पर अकेली थी। दोपहर को आरोपी बच्ची को घर के पास एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। देर शाम बच्ची के माता-पिता के लौटने पर बच्ची रोते हुए मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद मां तत्काल मुरी ओपी पहुंचकर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर

Paschim bangal

## बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखूंगा, रोका तो हाईवे पर होगा मुसलमानों का कब्जा, टीएमसी विधायक की चेतावनी

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (TMC) के विधायक हुमायूं कबीर ने मंगलवार को यह कहकर सियासी पारा चढ़ा दिया कि वह छह दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले में 'बाबरी मस्जिद' से मिलती-जुलती मस्जिद की नींव रखेंगे और चेतावनी दी कि अगर उन्हें रोका गया, तो उस दिन राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 'मुस्लिमों का नियंत्रण' होगा।

बेलडांगा से विधायक कबीर कई महीनों से बागी तेवर अपनाए हुए हैं। उन्होंने हाल ही में एक नया संगठन बनाने की अपनी मंशा भी जाहिर की थी। कबीर ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में मुर्शिदाबाद प्रशासन पर 'आरएसएस एजेंट' के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे उनके कार्यक्रम को रोकने की कोशिश नहीं करें, वरना यह 'आग से खेलने' जैसा होगा।



राज्य में विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने वाले हैं। कबीर ने कहा, 'मैंने एक साल पहले कहा था कि मैं बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखूंगा। आपको दिक्कत क्यों हो रही है? क्या आप भाजपा के इशारे पर चल रहे हैं?' तृणमूल विधायक ने कहा कि अगर उन्हें बाबरी मस्जिद की नींव रखने से रोका गया, तो 'एनएच-34 उनके नियंत्रण में होगा, मुसलमानों के नियंत्रण में होगा।'

खेल

# इस दिन घोषित हो सकती है टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम, हार्दिक की वापसी तय, गिल पर संशय बरकरार

**नई दिल्ली। भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं, लेकिन टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल पर संशय बरकरार है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को भारतीय चयनकर्ता टीम के चयन के लिए बैठक करेंगे। इसी दिन भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जाना है।**

अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति जब रायपुर में टीम चयन के लिए बैठक करेगी तो एजेंडा में शीर्ष पर गिल रहेंगे। अगर गिल टीम में जगह नहीं बना पाते हैं तो अभिषेक शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ओपनिंग का विकल्प होंगे। सैमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में पांच में से दो ही मैच खेले थे, जबकि उन्हें एक ही बार बल्लेबाजी का




मौका मिला था। सैमसन तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। यशस्वी उस वक्त टीम का हिस्सा नहीं थे।

**कोलकाता टेस्ट में गिल को लगी थी चोट -** गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल सोमवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे जहां वह रिहैब शुरू करेंगे।

**रियान पराग को मिल सकता है मौका-** चयनकर्ता रियान पराग को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह दे सकते हैं। पराग ने भारत के लिए आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में टी20 मैच खेला था। वह फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में असम टीम की कमान संभाल रहे हैं। वहीं, चयनकर्ता और टीम प्रबंधन हार्दिक की वापसी से संतुष्ट है। हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाए। यह उनका पिछले दो महीने से अधिक समय में पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। हार्दिक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे।

**टी20 सीरीज का कार्यक्रम-** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज की शुरुआत नौ दिसंबर को कटक में होने वाले पहले मैच से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़, 14 दिसंबर को धर्मशाला, 17 दिसंबर को लखनऊ और 19 दिसंबर को अहमदाबाद में सीरीज के शेष मुकाबले खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम फिलहाल टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर है।

सिनेमा

## प्रेमानंद महाराज के दरबार में दिखा ये शख्स है पलाश मुच्छल? सत्संग देख रहे लोगों ने क्लिप की वायरल



क्रिकेटर स्मृति मंधाना और पलाश मुच्छल की शादी पर अभी कोई अपडेट नहीं है। इस बीच प्रेमानंद महाराज के आश्रम से 2 दिसंबर के सत्संग में लोगों को पलाश बैठे दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने पोस्ट किया है कि मास्क लगाए बैठे शख्स पलाश ही हैं। कुछ लोगों ने उनके हाथों पर लगी मेहंदी को भी मैच किया। पलाश हाल ही में एयरपोर्ट पर भी दिखे थे। अब लोगों को लग रहा है कि वह वृंदावन ही गए थे। एक डिसकशन फोरम पर फोटो शेयर की गई है। इसके साथ कमेंट है, मैं 2 दिसंबर का प्रेमानंद महाराज का डिसकशन देख रहा था। मुझे 100 फीसदी यकीन है कि मास्क में बैठा यह बंदा पलाश है। मैंने इसके हाथ देखे थे, वही मेहंदी उनकी उंगलियों में लगी है। मैंने उनकी मेहंदी के फोटोज डबल चेक किए और नाम जप माला बैग जोकि वह यूज करते हैं। कई लोगों ने क्लिप्स और फोटो X पर शेयर किए हैं। लोग लिख रहे हैं कि यह पलाश की पीआर स्ट्रैटजी है। स्मृति मंधाना और पलाश की शादी को लेकर सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे थे कि 7 दिसंबर नई डेट है। हालांकि स्मृति के भाई श्रवण ने एचटी से बात करके कहा कि उन्हें नई डेट के बारे में नहीं पता, शादी अभी तक पोस्टपोन है।

## Highlights

1. **Proud to have stood with India: Russia ahead of Putin's visit**
2. **2,900 govt schools in Assam merged in 5 yrs for better resource use**
3. **Misinformation champions won't understand Sanchar Saathi App: BJP**
4. **Flyer fights with staff on camera on missing flight despite reaching B'luru airport 2.5hrs early**
5. **T'gana minister slams Pawan for 'evil eye' remark, warns film ban**

# PSU Bank stocks decline after govt denies any proposal to raise FDI limit in PSU banks



**NEW DElHI, (Agency).** The government is not considering a proposal to increase the FDI limit for PSU banks, MoS Finance Pankaj Chaudhary said in the Parliament on Tuesday.

In response to a written question in the Rajya Sabha on whether the Centre has proposed increasing the FDI limit in public sector banks to 49% from 20% at present, Chaudhary replied in the negative.

According to the Reserve Bank of India's Master Directions on 'Acquisition and Holding of Shares or Voting Rights in Banking Companies', an investor has to get RBI approval to raise its stake beyond 5% in a public sector bank, he said. Banks are also required to ensure compliance with SEBI's minimum public shareholding rule of 25%.

At present, the government allows up to 20% FDI in public sector banks and up to 49% in private banks via the automatic route and up to 74% with regulatory approvals from the government and the central bank.

Replying to another question, Chaudhary said the government's number of shares in India's 12 public sector banks has not declined since 2020, but the stake in percentage terms may have reduced due to fundraising moves.

Banks raise capital for business growth and maintaining regulatory norms, he said, adding that such fundraising reduces fiscal burden on the government and strengthen the balance sheet of banks.

# Rupee weakens past 90/Dollar for the first time as a India-US trade deal stays in limbo

**NEW DElHI, (Agency).** The Indian Rupee weakened past the psychologically crucial 90 per US Dollar mark, as delays over a India-US trade deal weighed on sentiment.

The rupee weakened to a low of 90.13 per US dollar on Wednesday, eclipsing its previous all-time low of 89.9475 hit on Tuesday. It was last down 0.3% on the day. The lack of forceful intervention by the Reserve Bank of India (RBI) and persistent foreign outflows contributed to the loss, according to analysts. "Exporters are not selling dollars aggressively since the rupee is depreciating, while the dollar demand from importers remains high," Ritesh



Bhansali, deputy chief executive officer at Mecklai Financial Services, told Bloomberg News. Only a India-US trade deal is likely to provide near-term respite to the rupee, according to Barclays. For now, with the key 90 mark breached, the currency could slip further to 90.30 in the coming days, HDFC Securities said.

According to Kotak Securities Ltd., the RBI will need to step in more decisively to curb speculative pressures on the currency.

"If they allow the rupee to close above 90, we could see further speculative bets and the possibility of the rupee heading to 91," Anindya Banerjee, a currency analyst at Kotak Securities, told Bloomberg News. The recent slide is "hard to justify on a fundamental basis", he said.

A muted intervention by the RBI has contributed to the swift depreciation of the rupee vs the dollar, according to Jateen Trivedi, VP Research Analyst - Commodity and Currency at LKP Securities.

# इंदौर में स्थिति चिंताजनक... 76,549 टीबी मरीज और 1,833 मौतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रधानमंत्री द्वारा साल 2025 तक टीबीमुक्त भारत बनाने की घोषणा के सात वर्ष बाद भी इंदौर में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 2018 में अभियान शुरू होने से अब तक इंदौर में 76,549 नए टीबी मरीज सामने आ चुके हैं, जो यह संकेत देता है कि लक्ष्य काफी पीछे छूट गया है। हर साल औसतन 7–8 हजार नए रोगी मिल रहे हैं। इनमें से 1,833 मरीजों की मौत भी दर्ज की जा चुकी है, जो अभियान की सफलता पर सवाल खड़े करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि उपलब्ध इलाज और साधनों के बावजूद मौतों का यह आंकड़ा बेहद गंभीर है।



इंदौर सहित पूरे देश में टीबीमुक्त भारत अभियान चलने के बावजूद राष्ट्रीय टीबी आंकड़ों में लगातार वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2021 में जहां 21 लाख मरीज थे, वहीं 2022 में 28 लाख, 2023 में 25 लाख, 2024 में 26 लाख और 2025 में अब तक 26 लाख मरीज दर्ज किए जा चुके हैं। डाक्टरों की मानें तो वर्ष के अंत तक यह संख्या 30 लाख तक पहुंच सकती है। इन बढ़ते आंकड़ों में इंदौर का योगदान भी बड़ा है, क्योंकि यहां हर वर्ष हजारों मरीज सामने आ रहे हैं। उपलब्ध दवाएं और सुविधा केंद्र होने के बावजूद 1,833 मौतें अभियान को लगभग असफल साबित कर रही हैं। इंदौर में सामान्य टीबी की जांच 44 माइक्रोस्कोपी सेंटरों में की जाती है। अभियान शुरू होने से अब तक 76,549 सामान्य टीबी मरीज मिले हैं। जांच से लेकर इलाज तक का सारा खर्च सरकार वहन करती है। साथ ही उपचार अवधि के दौरान मरीजों को 6 महीने तक हर माह 1,000 रुपये की सहायता भी दी जाती है। चिकित्सकों के अनुसार यदि मरीज बिना नागा 6 महीने तक नियमित दवा लेते रहें तो वे पूरी तरह स्वस्थ हो जाते हैं। इसके बावजूद लापरवाही के कारण कई मरीज इलाज अधूरा छोड़ देते हैं, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। जिला क्षय अधिकारी डाक्टर शैलेंद्र जैन ने बताया कि टीबीमुक्त भारत अभियान का मतलब यह नहीं है कि इंदौर में एक भी मरीज नहीं मिलेगा। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी मरीज बिना इलाज और बिना जांच के न रहे। इसके लिए हम हर तरह की सुविधा दे रहे हैं। बड़ी संख्या में मरीज ठीक हो रहे हैं और भविष्य में जल्द ही इस पर पूरी तरह से लगाम कसने में भी मदद मिलेगी।

# ट्रक की टक्कर में युवक की दर्दनाक मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **छोटा बांगड़दा क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां अनाज से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। घायल युवक को गंभीर हालत में तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मंगलवार अलसुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के समय बाइक सवार अपनी लोडिंग गाड़ी खड़ी कर घर लौट रहा था।**

एरोड्रम थाना पुलिस के मुताबिक, 32 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र किशोरलाल गोरे, निवासी रुक्मणी नगर अपनी लोडिंग रिक्शा कड़ीलपुरा में खड़ी करने के बाद बाइक से घर वापस जा रहा था। इसी दौरान छोटा बागड़दा में अनाज से भरे ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक को रोक लिया लेकिन उसका ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायल वीरेंद्र को परिचितों की मदद से तुरंत एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। वीरेंद्र लोडिंग वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में माता-पिता, एक भाई और दो बहनें हैं। परिवार ने उसकी शादी की भी अभी तक कोई योजना नहीं बनाई थी। बेटे की अचानक मौत से परिजनों में शोक और आक्रोश दोनों है। सूचना मिलते ही एरोड्रम पुलिस मौके पर पहुंची और रात में ही ट्रक को जब्त कर लिया। प्राथमिक जांच में पता चला कि ट्रक लक्ष्मीबाई नगर मंडी की ओर जा रहा था। पुलिस अब फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# बीएसएफ के कुक ने फासी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एयरपोर्ट रोड स्थित बीएसएफ परिसर में मंगलवार सुबह एक कुक का शव फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान रामबाबू (50) पुत्र रतन सिंह के रूप में हुई है, जो बीएसएफ में लगभग 30 वर्षों से सेवा दे रहे थे और वर्तमान में जवान के पद पर कुक के रूप में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार सुबह मेस में रामबाबू समय पर नहीं पहुंचे तो उनका साथी उन्हें देखने विक्रमादित्य मेस की ओर गया। दूसरी मंजिल पर पहुंचे तो रामबाबू का शव रेलिंग से फंदे पर लटका मिला। इसके बाद अधिकारियों को सूचना दी गई, जिन्होंने पुलिस को बुलाया। एरोड्रम थाना प्रभारी तरुण भाटी ने बताया कि घटना करीब सुबह 7:30 बजे की है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला है। हालांकि इसके कारणों का पता नहीं चल सका है। बीएसएफ अधिकारी पोस्ट मार्टम के बाद शव को परिवार को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। घटना की विस्तृत जांच जारी है। रामबाबू मूल रूप से सवाई माधोपुर (राजस्थान) के रहने वाले थे और दो साल पहले ही इंदौर में पदस्थ हुए थे। उससे पहले उनकी पोस्टिंग राजस्थान में थी। परिवार में उनके दो बच्चे हैं। अधिकारियों ने उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया है, जिसकी जांच की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक